EIL
Net Zero by 2035

#startupindia

**<u>ईआईएल पहल</u>**

स्टार्ट-अप इंडिया (एसयूआई), भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य देश में नवाचार और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करना है, जिससे सतत आर्थिक विकास होगा और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इस पहल के माध्यम से सरकार का लक्ष्य नवाचार और डिजाइन के माध्यम से वृद्धि करने के लिए स्टार्ट-अप को सशक्त बनाना है।इस पहल के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय का प्रयोजन तेल और गैस उद्योग की तकनीकी क्षमता का लाभ उठाना और सीपीएसई में एक सक्षम तंत्र का उपयोग करना है ताकि हाइड्रोकार्बन मूल्य श्रृंखला में विचारों और नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किया जा सके।

व्यापक तौर पर भारत सरकार द्वारा अपनाई गई पहलों के अनुरूप, ईआईएल का उद्देश्य "स्टार्ट अप इंडिया (एसयूआई)" पहल को बढ़ावा देने के लिए एक सक्षम प्रणाली बनाना है।

- बौद्धिक सहयोग प्रदान करना
- अवसंरचनात्मक सहयोग प्रदान करना
- वित्तीय सहयोग प्रदान करना।